# महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
## MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY
**NAACA++ Accredited: ISO 9001:2015 & 14001:2015 Certified**

पत्रांकः–रू0वि0 / रासेयो / 2026 / 546 – 552 दिनांकः–20.08.2026

सेवा में,

प्रबंधक / निदेशक / प्राचार्य / प्राचार्या / कार्यक्रम अधिकारी,
विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय (रा0से0यो0),
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।

**विषयः–"विकसित भारत " यंग लीडर डायलॉग (VBYLD) के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि स्वामी विवेकानन्द की जयन्ती (12 जनवरी) के उपलक्ष्य में 1995 से प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाला राष्ट्रीय युवा महोत्सव (NYF), अलग–अलग सांस्कृतिक और सामाजिक पृष्ठभूमि वाले युवाओं को एक साथ लाने और राष्ट्रीय एकता व सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का एक प्रमुख मंच है। साल 2025 में, माननीय प्रधानमंत्री के "विकसित भारत @2047 के विज़न के अनुरूप इस महोत्सव को विकसित भारत युवा लीडर्स डायलॉग (VBYLD) के रूप में नया रूप दिया गया। इसी सफलता को आगे बढ़ाते हुए, मंत्रालय 15–29 वर्ष उम्र के युवाओं को शामिल करने के मकसद से 30वें NYF- VBYLD-2027 का आयोजन करेगा।

जनवरी 2027 में नई दिल्ली में होने वाले NYF- VBYLD-2027 में राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों (UTs) की टीमों के चयन के लिए नीचे दिये गए 04 ट्रैक के तहत प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

**विकसित भारत चैलेंज ट्रैक**

1. क्विज में भाग लेना।
2. सांस्कृतिक ट्रैक
3. भारत के लिए इनोवेशन (नवाचार)
4. विकसित भारत युवा संवाद

भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ, "विकसित भारत" प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया है। यह प्रश्नोत्तरी, जो विकसित भारत युवा संवाद (VBYLD) 2027 का हिस्सा है, My Bharat पोर्टल पर उपलब्ध है। यह पहल पूरे देश में युवाओं को भारत के भविष्य को आकार देने के लिए प्रोत्साहित करने का एक प्रयास है। 22 भाषाओं में आयोजित यह प्रश्नोत्तरी भारत और विकसित भारत की परिकल्पना से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रतिभागियों के सामान्य ज्ञान का परीक्षण करता है। इसका उदेश्य जिज्ञासा जगाना, ज्ञानपूर्ण भागीदारी को बढ़ावा देना और हर राज्य और केन्द्र शासित प्रदेश से प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना है। विजेताओं को अगले चरणों (निबंध, प्रस्तुतिकरण, आदि) में जाने का मौका मिलेगा, जहॉं वे अपने विचारों को साझा कर सकते हैं, नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन कर सकते हैं और विकसित भारत @2047 के सपने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

अतः आपसे अनुरोध है कि आप अपने संस्थान के अधिकतम युवाओं की सहभागिता करवाने का कष्ट करें।

भवदीय

**डॉ0(राजीव कुमार यादव)**
कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचानार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. क्षेत्रीय निदेशक, रा0से0यो0 क्षेत्रीय निदेशालय केन्द्रीय भवन आठवॉं तल, हाल न0–1, सेक्टर–एच, अलीगंज लखनऊ–226024
2. विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी रा0से0यो0को0, उच्च शिक्षा विभाग, कक्ष संख्या–55, बहुखण्डी भवन, तृतीय तल, सचिवालय, उ0प्र0 शासन लखनऊ– 226001
3. कुलसचिव महोदय के संज्ञानार्थ।
4. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, बरेली परिक्षेत्र।
5. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
6. बेवसाइट प्रभारी को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

20.8.26

कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना